पर्युषण पर्व का समापन

# अहंकार के विसर्जन का पर्व हैं मैत्री पर्वः साध्वी



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** तेरापंथ सभा विजयनगर के तत्वावधान में भगवती पर्युषण पर्व का समापन मैत्री दिवस के रूप में साध्वी श्री सिद्धप्रभा जी के पावन सानिध्य में विजयनगर स्थित अर्हम भवन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ साध्वी प्रमुखा श्री विश्रुत विभाजी, मुख्य मुनि महावीर कुमार जी, साध्वीवर्या जी एवं समस्त चारित्र आत्माओं को भाव वंदना के साथ किया गया।

सभा अध्यक्ष मंगल कोचर ने साध्वी वृंद एवं उपस्थित श्रावक समाज से खमत खामणा करते हुए सभी का स्वागत एवं अभिनंदन किया। साध्वी श्री सिद्धप्रभा जी ने अपने मंगल उद्बोधन में कहा कि अहंकार के विसर्जन का पर्व हैं मैत्री पर्व। यह विनय सीखाता है। भूल और गलतियां होना स्वाभाविक है, किंतु कभी-कभी उसका कांटा हमारे भीतर रह जाता है। यह पर्व उस कांटे को बाहर निकालने का है।

कटुता का शस्त्र जब तक बाहर नहीं निकलता है तब तक दुश्मनी का घाव कचोटता रहता है। आज का यह दिवस वैर - विरोध के इन धावों को निकाल कर बाहर करने का है।

क्षमा याचना सिर्फ परंपरा निभाने के लिए नहीं, अंतरात्मा से करें तभी इस पर्व की सार्थकता होगी। साध्वी श्री मलययशा जी ने क्षमा याचना दिवस पर अपने विचारों की अभिव्यक्ति देते हुए कहा कि यह आत्म जागरण का पर्व है।

मैत्री और रिश्तों को साधने का उत्सव है क्षमा याचना दिवस। साध्वी दीक्षाप्रभा जी ने कहा कि क्षमा याचना पर्व मैत्री का पर्व है। आज के दिन हम अपने बुरे अनुभवों को याद करते हुए सच्चे दिल से क्षमा याचना कर अंतर मन की गांठों को खोलने का प्रयास करें।

कार्यक्रम में विमल कटारिया, तेयुप राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन मांडोत, विजय नगर तेयुप अध्यक्ष कमलेश चोपड़ा, महिला मंडल अध्यक्ष मंजू गादिया, आरआर नगर अध्यक्ष राकेश छाजेड़, अर्हम मित्र मंडल मंत्री विनोद पारख, टीपीएफ उपाध्यक्ष हिम्मत मांडोत, आरआर नगर महिला मंडल अध्यक्ष सुमन पटवारी, ज्ञानशाला संयोजिका ममता मांडोत, तेयुप के निवर्तमान अध्यक्ष राकेश पोकरणा, महिला मंडल की निवर्तमान अध्यक्ष प्रेम भंसाली ने क्षमा याचना दिवस पर अपने-अपने भाव व्यक्त किए। कार्यक्रम का कुशल संचालन राकेश दूधोडिया ने किया।

# मारवाड़ी युवा मंच बेंगलूरु स्टार्स की वार्षिक साधारण सभा आयोजित



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** मारवाड़ी युवा मंच बेंगलूरु स्टार्स ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की अपनी वार्षिक साधारण सभा शाखा अध्यक्ष राहुल गोयनका की अध्यक्षता में जयनगर स्थित एक होटल में आयोजित की। मंच का संचालन दीपक बंसल ने किया। अपने स्वागत उद्बोधन में शाखा अध्यक्ष ने सदस्यों से आगे आकर अधिक से अधिक कार्यक्रमों में भाग लेने और समाज की बेहतरी में योगदान देने का आग्रह किया। उन्होंने अभी तक किए गए कार्यों के सफलतापूर्वक संपादन के लिए कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों की सराहना की। अगले चरण में सत्र 2023-24 के सह कोषाध्यक्ष अर्चित बजाज ने वित्तीय विवरण पेश किया जो सर्वसम्मति से पारित हुआ। शाखा कोषाध्यक्ष सुनील अग्रवाल एवं सह कोषाध्यक्ष विजय दुदानी ने वर्तमान वित्तीय वर्ष का ब्यौरा उपस्थित सभी सदस्यों के सामने रखा। शाखा उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने आगामी अक्टूबर से दिसम्बर के बीच निर्धारित विभिन्न राष्ट्रीय और शाखा परियोजनाओं और दिसम्बर माह में गांधीधाम में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन की विस्तृत जानकारी दी। तत्पश्चात अध्यक्ष ने आगामी कार्यक्रम डांडिया नवरास, दिवाली से पहले दिवाली- आनंद सबके लिए, दिवाली मिलन, कन्नड क्लास 2.0, खेल उत्सव जैसे शाखा स्तरीय कार्यक्रमों की तारीखों की घोषणा की। पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रवि सिंघानिया ने ऐसे सामाजिक संगठन का हिस्सा बनने के लाभों के महत्व पर जोर दिया और बताया कि यह कैसे अगली पीढ़ी को मारवाड़ी संस्कृति और परंपराओं से जोड़े रखता है। इस मौके पर निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष एवं शाखा के पूर्व अध्यक्ष सुशील बंसल, प्रांतीय जन संपर्क अधिकारी एवं पूर्व अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, ऋषभ सर्राफ, निवर्तमान अध्यक्ष संदीप चनानी ने सभी सदस्यों के बीच बहुमूल्य जानकारी एवं अनुभव साझा किया।

# शब्द की ऑनलाइन काव्य गोष्ठी आयोजित

**विविधता में एकता की झलक**

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** दक्षिण भारत की प्रसिद्ध साहित्य-संस्था शब्द की मासिक काव्य गोष्ठी रविवार को ऑनलाइन माध्यम से आयोजित हुई। इसमें शब्द के सदस्यों के अलावा गाजियाबाद से युवा कवयित्री शैलजा सिंह, अल्मोड़ा से कवयित्री शशि जोशी, मुजफ्फरपुर से गजलगो सौरभ पांडेय और खांडवा से गीतकार श्याम तिवारी तथा वाराणसी से शुभा श्रीवास्तव की भागीदारी उल्लेखनीय रही। शिक्षक प्रो शिवनंदन सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित रचनागोष्ठी का युवा गीतकार लोकेश मिश्र ने प्रशंसनीय संचालन किया। कार्यक्रम का प्रारंभ कश्मीर से विस्थापित युवा कवि दीपक सोपोरी के स्वरचित वंदना से हुआ। उन्होंने अपनी बारी में कतिपय कविताओं का सस्वर पाठ भी किया। शैलजा सिंह ने बंगाल महिला डॉक्टर कांड की पृष्ठ भूमि में अरे लड़कियो सुनो जरा, बात मेरी तुम गुनो जरा' बोल वाले फड़कते गीत सुनाकर श्रोताओं को खासा संवेदित किया। माहौल को परवान चढ़ाने में शशि जोशी के गीत हर तरफ नफरतें हसरतें तल्खियां, खोयी जाने कहां प्यार की तितलियां का योगदान सराहनीय रहा। आभासी रचना गोष्ठी में स्वर्ण ज्योति, उषारानी राव, श्रीकांत शर्मा, राजेन्द्र गुलेच्छा, सौरभ पांडेय, अचला प्रवीन, लोकेश मिश्र, मैथिली पी राव, श्याम तिवारी, शुभा श्रीवास्तव और श्रीनारायण समीर ने भी विभिन्न भावों में रची-पगी एक-से-एक अच्छी रचनाएँ सुनायीं। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो शिवनंदन सिन्हा ने आयोजन की गुणवत्ता की प्रशंसा करते हुए राष्ट्र की पहचान के लिए राष्ट्र भाषा के महत्व पर बल दिया। उन्होंने अपने वक्तव्य के अंत में एक कविता भी सुनायी। शब्द की सचिव डॉ उषारानी राव के धन्यवाद ज्ञापन से रचनागोष्ठी संपन्न हुई।

# क्षमा ज्ञान का आभूषण हैः डॉ. वरुणमुनि



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ राजाजीनगर के तत्वावधान में उप प्रवर्तक पंकजमुनि के सानिध्य में डॉ वरुणमुनि ने क्षमापना पर्व पर कहा कि क्षमा वीर लोगों का आभूषण है। किसी को क्षमा कर देना विशालता है, तो अपनी भूल व गलतियों के लिए क्षमा मांग लेना भी महानता है। उन्होंने कहा कि गुणों का आभूषण ज्ञान है और ज्ञान का आभूषण क्षमा है। क्षमापना पर्व जैन धर्म की सुंदर परंपरा है। क्षमा के चार प्रमुख लाभ में पहला लाभ है क्षमा से व्यक्ति प्रसन्नचित हो जाता है। दूसरा मैत्री भाव उत्पन्न हो जाता है, तीसरा भाव शुद्धि हो जाती है और चौथा लाभ है। क्षमा से व्यक्ति निर्भय हो जाता है। क्षमा करके सभी के साथ प्रेम भाव रखें। जिसने समभाव रखना सीख लिया वह हर परिस्थिति से पार पा लेता है। आज का दिन ही क्षमा मांगने का है। वर्ष भर में अपनी जाने-अनजाने में हुई गलतियों के लिए सम्पूर्ण जगत के जीवों से क्षमा मांगनी चाहिए। पूर्व में रूपेशमुनि ने गुरु स्तवन की प्रस्तुति दी और अंत में पंकजमुनि ने मंगलपाठ प्रदान किया। अखंड नवकार महामंत्र जाप संपन्न हुआ। अनेक तपस्वियों ने संवत्सरी पर्व पर तपस्या के प्रत्याख्यान लिए। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रकाशचंद चाणोदिया, युवा अध्यक्ष धीरज नाहर, महिला मंत्री रेखा पोखरना, प्यारेलाल टपरावत, ज्ञानचंद लोढ़ा, चेतन रेदासनी, किशोर दलाल, जंबू दूगड, गौतम मेहता, विनय बंब व अन्य ने अपने विचार रखे। आगामी 22 सितंबर को बेंगलूरु में विराजित अनेक चारित्र आत्माओं के सानिध्य में आयोजित गुरु अमर संयम अमृत समारोह के उपलक्ष्य में कोरमंगला स्थित गौशाला में श्री संघ के तत्वावधान में युवाओं द्वारा जीवदया का आयोजन किया गया। कोषाध्यक्ष प्रसन्न भलगट ने आभार व्यक्त किया।



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** आरटी नगर स्थित बिहार भवन में श्री सिद्धार्थ सांस्कृतिक परिषद के नवयुवक मंच द्वारा रविवार को गणेश जन्म उत्सव मनाया गया। परिषद सचिव पंडित राजगुरु ने विधि विधान से पूजा कराया, जिसमें राहुल शर्मा यजमान थे। सचिन सांवरिया द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। भजन के बाद भगवान गणेश की आरती हुई। उसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में नवयुवक मंच अध्यक्ष मनोहर साह, उपाध्यक्ष प्रवीण उपाध्याय, रवि रंजन, अजीत पोद्दार, हरीश चंद्र झा, राजेश्वर सिंह, राम लखन सिंह, मिंटू दुबे, दीपेश कुमार, रामकिंकर सिंह, यशवंत सिंह, हीरा झा, डेजी शर्मा, निधि श्रीवास्तव, उदय कुमार, विनय कुमार, अमित झा आदि लोग उपस्थित थे।

# पर्युषण महापर्व में मानव सेवा, जीवदया एवं साधर्मिक भक्ति



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** मातृछाया जैन महिला संगठन ने पर्युषण महापर्व में उल्लेखनीय मानव सेवा, जीवदया एवं साधर्मिक भक्ति के कार्य किए। सज्जनराव सर्कल के समीप संगठन द्वारा 200 जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित किया गया। समाज के जरूरतमंद परिवारों को राशन सामग्री एवं आर्थिक सहयोग प्रदान कर साधर्मिक भक्ति की गई।

किदवई हॉस्पिटल में 400 जरूरतमंद मरीजों को फल, ड्राई फ्रूट्स एवं आवश्यक सामग्री वितरित की गई। संगठन के सदस्याओं ने नेल्लूर गौशाला में जाकर गायों को चारा खिलाया एवं गौशाला को विशाल धन राशि का भी सहयोग किया।

सदस्याओं ने वृद्धाश्रम में जाकर बेसहारा बुजुर्गों के साथ समय बिताया एवं वृद्धाश्रम में फल, ड्राई फ्रूट्स, दवाईयां एवं राशन सामग्री का सहयोग किया। ऋषभ कामधेनु गौशाला में जाकर गायों को चारा खिलाया एवं गौशाला को विशाल धन राशि का भी सहयोग किया। कर्नाटका वेलफेयर एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड में करीब 50 बच्चों के लिए राशन सामग्री एवं उनके संस्था को धन राशि का भी सहयोग किया।

मनोविकास सेवा केंद्र में 25 लीटर दूध के साथ राशन सामग्री, ड्राई फ्रूट्स, चॉकलेट्स एवं डायपर्स प्रदान किये। आहोर राजस्थान के जागृति जन सेवा संस्थान मंदबुद्धि आश्रम में बच्चों को तीनों समय भोजन कराया। आहोर के पहाड़ों पर अनेक पशुओं को फल खिलाकर जीवदया भक्ति की। सीमंधर शांतिसूरि जैन मंदिर के समीप 300 जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ललिता नागोरी, सचिव रेशमा बडोला, उपाध्यक्ष पुष्पा बाफना, मार्गदर्शिका त्रिशला कोठारी, लीला भंसाली, मीना सोलंकी, पुष्पा नागोरी, त्रिशला दांतेवाड़िया, मंगला खांटेड, पवन राठौड़, बबिता श्रीश्रीमाल, गीता संचेती, मीना सोनिगरा, वीणा जैन, मनीषा सालेचा, सारिका लुंकड, मोनिका पालरेचा, हेमा बंदामुथा, जीना मेहता, ईशा वोरा, उषा जैन आदि उपस्थित थी।

# प्रज्वल रेवन्ना ने कोर्ट में नई जमानत याचिका दायर की

**मामले की सुनवाई 12 सितंबर को होगी**



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** बलात्कार के आरोपी पूर्व जेडी(एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना ने कर्नाटक उच्च न्यायालय में नई जमानत याचिका दायर की है। रिपोर्ट के अनुसार, उच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई 12 सितंबर के लिए स्थगित कर दी है। उच्च न्यायालय उसी दिन उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर भी विचार कर सकता है। कर्नाटक पुलिस ने हासन के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर 47 वर्षीय पूर्व घरेलू सहायिका के साथ बलात्कार करने और उसकी विवाहित बेटी का यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। उन पर इस कृत्य का वीडियो बनाने और अपने मोबाइल फोन से सबूत नष्ट करने का भी आरोप है।



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** *राजाजीनगर स्थानक में चातुर्मासार्थ विराजित पंकजमुनि की सदप्रेरणा से गुरु अमर संयम अमृत वर्ष के शुभारंभ पर श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ राजाजीनगर के तत्वावधान में राजाजीनगर युवा सदस्यों द्वारा सोमवार को गौशाला में गौमाता की सेवा में चारा, गुड एवं गौशाला सहयोग हेतु राशि प्रदान की गई। संघ के महामंत्री नेमीचंद दलाल ने बताया कि गुरु अमर संयम अमृत महोत्सव आगामी 22 सितंबर को अल्लमप्रभु कल्याण मंटप विजयनगर में विराजित समस्त चारित्र आत्माओं की पावन निश्रा में तप त्याग एवं गुरु गुणगान द्वारा मनाया जाएगा। इस अवसर पर युवा अध्यक्ष धीरज नाहर एवं अन्य युवा सदस्य उपस्थित रहे।*

# क्षमा जैसे दो अक्षरों में अनंत शक्ति

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** गणेश बाग में विराजित श्री विनय मुनि जी खींचन की निश्रा में आयोजित सामूहिक क्षमा याचना के कार्यक्रम में शिवाजी नगर और बेंगलूरु के अनेक उपनगरों के लोगों ने आपस में क्षमा याचना की। मुनि श्री ने सभी को क्षमा धर्म का पालन करने का विशेष संबोधन दिया।

संघ की तरफ से संघ प्रवक्ता राजु सकलेचा ने समस्त संघ से क्षमा मांगी और दी। संघ अध्यक्ष लालचंद मांडोत ने बेंगलूरु समाज से क्षमा याचना की। प्रवचन और धर्म कथा में मुनि ने कहा कि क्षमायाचना के दिन षष्ठमी भाद्रपद शुक्ल को श्वेताम्बर जैन समाज परस्पर करते हैं।

आत्मिक आनंद तभी आ सकेगा, जब जीवन से द्वेष - इर्ष्या-पर निंदा कम हो। क्षमा जैसे दो अक्षरों में अनंत शक्ति छिपी है, क्षमा यानि समता, धीरज - शांति के भाव। मन के तनाव क्षमा से टूटते है। क्षमा मुक्ति का दरवाजा खोलता है। इस मौके पर सुजीत कुमार सिसोदिया, प्रवीण कुमार भंडारी, राजेश मुथा, प्रकाश चंद बैताला, अनिल कुमार मेहता, हसमुख मारू, मित्र मंडल हलसूर से अशोक चंद चौरड़िया ने एक सामूहिक संगान किया।

# क्षमापना उत्सव मनाया



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री श्वेतांबर स्थानक वासी जैन श्रावक संघ के तत्वावधान में महावीर भवन में संघ का सामूहिक क्षमापना उत्सव मनाया गया। संघ अध्यक्ष नेमीचंद चोरड़िया की अध्यक्षता में आयोजित विशेष समारोह में संघ ने वरिष्ठ श्रावक श्राविकाओं का साफा, शॉल एवं रजत पदक से बहुमान किया।

इस अवसर पर वर्षीतप, शत्रुंजय, उपधान, सिद्धि तप के तपस्वियों का भी सम्मान किया गया। श्रीपाल बांठिया के मंगलाचरण से प्रारंभ समारोह को महिला मंडल की अध्यक्षा आशा बोहरा एवं युवक संघ के मंत्री गौतम बांठिया ने संबोधित किया। संघ मंत्री अभय कुमार बांठिया ने बताया कि संघ ने पिछली बार 150 गौशालाओं को अनुदान भेजा और घोषणा की कि अलसूर में कार्यरत डायलिसिस सेवा को भी सहयोग दिया जाएगा। संघ ने सभी सदस्यों के साथ आपस में क्षमा याचना करते हुए इस वर्ष 90 प्रतिशत से ज्यादा नंबर लाए विद्यार्थियों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट, इंजीनियर बने युवाओं और खेल में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। जिन बच्चों ने प्रतिक्रमण कंठस्थ किया उनका भी संघ ने रजत पदक से सम्मान किया। संवत्सरी प्रतिक्रमण कराने के लाभार्थी मूलचंद खारीवाल एवं लोगस्स के लाभार्थी धर्मीचंद बोहरा एवं आठों दिन प्रतिक्रमण करने वाले बच्चों को भी रजत पदक से सम्मानित किया गया।

पर्युषण में अट्ठाई तप करने वाले तपस्वियों का भी उत्साह बढ़ाया गया। अलसूर संघ के मंत्री अभय कुमार बांठिया ने सभा का संचालन किया। युवक संघ, महिला मंडल और बहु मंडल ने व्यवस्था में सहयोग दिया।

अभी सीएम का पद खाली नहीं

# अगले मुख्यमंत्री के बारे में चर्चा की जरूरत नहीं : परमेश्वर

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
राज्य के गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने सोमवार को कहा कि फिलहाल मुख्यमंत्री पद के लिए कोई जगह नहीं है। इसलिए अगले मुख्यमंत्री के बारे में चर्चा करने की जरूरत नहीं है। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह सच है कि मामले की सुनवाई कोर्ट में चल रही है। हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा कि वहां क्या होता है। लेकिन सबसे पहले, मुझे फिलहाल अगले मुख्यमंत्री पर चर्चा की जरूरत नहीं लगती। मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने राज्यपाल द्वारा दी गई मंजूरी के खिलाफ निषेधाज्ञा की मांग करते हुए अदालत में एक रिट याचिका दायर की है। इसकी बहस जारी रहेगी।

महाधिवक्ता और अन्य वकील अपनी दलीलें जारी रखेंगे। हालिया सुनवाई में जज ने कहा था कि वह 12 तारीख तक मामले का निपटारा कर देंगे। नेता प्रतिपक्ष आर.अशोक के एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उन्हें पहले अपनी पार्टी के मतभेदों का ध्यान रखना चाहिए, उन्हें हमारी पार्टी की चिंता क्यों है। हाल ही में, मंत्री एमबी पाटिल और मुझे एत्तिनाहोल परियोजना के उद्घाटन के दिन हासन का दौरा करना था। हम दोनों ने साथ में रहने की बात की। एमबी पाटिल ने हमें नाश्ते के लिए अपने घर आने का निमंत्रण दिया था। इसलिए मैंने, उन्होंने नाश्ता किया और घर से निकलते ही हम साथ चले गए। इसमें



कोई राजनीतिक विचार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि बेवजह इतनी बड़ी बात करने की जरूरत नहीं है। उपमुख्यमंत्री डी.के.शिवकुमार अपने परिवार के साथ निजी यात्रा पर अमेरिका गए हैं। यह सरकार प्रायोजित दौरा नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी यात्रा के बारे में कांग्रेस की बैठक में भी जानकारी दी थी। मुडा मामले का राज्य सरकार के प्रशासन पर कोई असर नहीं पड़ा है। सभी मंत्री अपने-अपने विभाग की गतिविधियों का प्रबंधन कर रहे हैं। मुख्य सचिव अपने हिस्से की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। मामला हाईकोर्ट में लंबित होने के कारण मुख्यमंत्री ने शायद अपनी कार्यवाही रोक दी है। उन्होंने कहा कि बाकी प्रशासनिक व्यवस्था जारी है। कलबुर्गी में कृषि विभाग के एक अधिकारी के आत्महत्या के प्रयास से पहले लिखे गए पत्रों की जांच की जा रही है। जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस बात की जांच होगी कि ट्रांसफर के लिए कौन पैसे मांग रहा है। एत्तिनाहोल प्रोजेक्ट का काम शुरू हो चुका है। जब पर्यावरण की बात आती है तो इसका ध्यान रखा जाता है। राज्य सरकार के अधिकारी उचित जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि अब तक पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना ही काम हुआ है। चित्रदुर्गा रेणुकास्वामी हत्या मामले में अभिनेता दर्शन और उनके साथी कैदियों ने जमानत के लिए आवेदन किया है। उन्होंने कहा कि वह कोर्ट के फैसले का इंतजार करेंगे। यूथ कांग्रेस का चुनाव लड़ने का हर किसी को स्वतंत्र अवसर है। मंत्रियों और विधायकों के बच्चे योग्य होने पर ही चुने जाते हैं। उन्होंने कहा कि आवेदकों का चयन इसलिए नहीं किया जाएगा क्योंकि वे मंत्रियों के बच्चे हैं।

### मैं भी सीएम बनना चाहता हूं

इससे पहले यह स्पष्ट करते हुए कि शिवानंद पाटिल को कांग्रेस में लाने वाला मैं नहीं था, मंत्री एमबी पाटिल ने शिवानंद पाटिल को सलाह दी है कि पार्टी में अनावश्यक विवाद पैदा किए बिना साथ रहना बेहतर है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा मैं मुख्यमंत्री बनना चाहता हूं। राज्य के लिए अच्छा काम करने और जनता की सेवा करने की इच्छा है। लेकिन कोई लालच नहीं है। मैं कांग्रेस में सतीश जारकीहोली से वरिष्ठ हूं। उस समय डी.के.शिवकुमार, डॉ.जी.परमेश्वर नोवेल्ला समकालीन थे। आरवी देशपांडे और सिद्धरामैया हमसे उम्र में बड़े हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे हम सभी में सबसे बुजुर्ग हैं। उन्होंने कहा कि अगर मैं मुख्यमंत्री बनूंगा तो अच्छा काम करूंगा और विजयपुर जिले और राज्य की जनता खुश होगी। लेकिन मुख्यमंत्री बनना स्वघोषित नहीं है। पार्टी विधायकों और पार्टी आलाकमान को निर्णय लेना चाहिए। फिलहाल सिद्धरामैया मुख्यमंत्री के तौर पर अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। उनके खिलाफ मामला अदालत में चलेगा। मुख्यमंत्री पद खाली नहीं है। उन्होंने कहा कि एक दिन मैं मुख्यमंत्री बनूंगा। जब शिवानंद पाटिल ने एक विवादास्पद बयान दिया तो मैंने प्रतिक्रिया व्यक्त की। कोई असहमति नहीं है। हम सब एक साथ हैं।

# बेंगलूरु उपनगरीय रेलवे परियोजना 2026 के अंत तक पूरी हो जाएगी: वी. सोमन्ना



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने कहा कि बेंगलूरु उपनगरीय रेलवे परियोजना का काम दिसंबर 2026 के अंत तक पूरा किया जाना है। विधान सौधा में बुनियादी ढांचा विकास मंत्री एमबी पाटिल के साथ बैठक के बाद उन्होंने यह बात कही। उपनगरीय रेलवे परियोजना और राज्य की विभिन्न रेलवे परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों ने उपनगरीय रेल परियोजनाओं के लिए धन आवंटित किया है और धन का केंद्रीय हिस्सा जारी करने के लिए कदम उठाए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 148 किलोमीटर लंबी उपनगरीय रेल परियोजना की आधारशिला रखी थी। अब हम 70 किलोमीटर उपनगरीय रेलवे परियोजना की आधारशिला रखने जा रहे हैं। बैयप्पनहल्ली-चिक्काबनवारा तक 26 किमी और इलारी-राजानुकुंटे के बीच 48 किमी की उपनगरीय रेलवे लाइन बनाने का प्रस्ताव है। मंत्री ने कहा कि उपनगरीय रेलवे लाइन का निर्माण रेलवे, मेट्रो, बीडीए, राजस्व और बीबीएमपी के समन्वय से किया जाएगा। हमने अगले दो वर्षों में रेलवे लाइनों के ओवरब्रिज और अंडरब्रिज को पूरा करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि तुमकुरु-चित्रदुर्ग रेलवे लाइन जल्द ही पूरी हो जाएगी। चित्रदुर्ग-कोप्पल अलमट्टी मार्ग पर भी विचार किया जा रहा है। हम चामराजनगर में भी एक नया प्रोजेक्ट ला रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हम विजयपुर और मेंगलूरु बंदरगाहों की दो-हरीकरण लाइन को एक चरण में ला रहे हैं। प्रधानमंत्री ने ऐसी उपलब्धि हासिल की है जो 50 साल में हासिल नहीं हुई। धारवाड़-चित्तूर रेलवे लाइन की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में एक समस्या है। कोच खरीदने के लिए बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि अब से भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया राज्य सरकार द्वारा की जायेगी। तुमकुरु-रायदुर्गा के बीच 90 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। उन्होंने कहा कि हमारे समय में शुरू हुआ काम हमारे समय में पूरा होगा। बुनियादी ढांचा विकास मंत्री एमबी पाटिल ने कहा कि सोमन्ना ने उपनगरीय रेल परियोजना सहित रेलवे परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने पर ध्यान दिया है और चर्चा की है। मेट्रो और उपनगरीय रेल को एक दूसरे का पूरक होना चाहिए। बेंगलूरु और तुमकुरु के बीच एक चौगुना है। उन्होंने चित्रदुर्ग-होस-पेटे अलमट्टी मार्ग के बारे में जानकारी दी और प्रतिक्रिया भी दी। हमने विजयपुर-बेंगलूरु यात्रा का समय कम करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने वंदे भारत से तुमकुरु-रायदुर्गा मार्ग की गति बढ़ाने के लिए कहा है। हुब्बल्ली-अंकोला मार्ग को मेंगलूरु-कारवार मार्ग से जोड़ा जाना है। उन्होंने कहा कि मंत्री ने इन सभी मांगों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है।

## मणिपाल में सीएम का पुतला जलाने की कोशिश करने पर भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर



**उडुपी/शुभ लाभ ब्यूरो।** मणिपाल पुलिस ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरामैया का पुतला जलाने की कथित कोशिश करने पर भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। एफआईआर के अनुसार, कुछ भाजपा कार्यकर्ता 6 सितंबर को यहां सिंडिकेट सर्किल पर एकत्र हुए और कुंदापुर में एक शिक्षक से राज्य पुरस्कार वापस लेने के खिलाफ ज्ञापन सौंपने के लिए उपायुक्त कार्यालय तक जुलूस निकालना चाहते थे। बाद में, कार्यकर्ता एक पुतला और एक चित्र लेकर आए और मुख्यमंत्री के चित्र को जूतों से पीटना और पुतला जलाना चाहते थे। इस बिंदु पर, पुलिस ने हस्तक्षेप किया और कार्यकर्ताओं को अपना विरोध प्रदर्शन करने से रोक दिया। हालांकि, कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम जारी रखा, जिसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। पुलिस ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ताओं के पास कस्बे में बड़ी सभा आयोजित करने या जुलूस निकालने की पुलिस से अनुमति नहीं थी। उन्होंने बताया कि पार्टी कार्यकर्ता गिरीश अंचन और पृथ्वीराज शेट्टी बिल्लादी को सार्वजनिक रूप से इस कृत्य को अंजाम देने के लिए प्राथमिकी में नामजद किया गया है।

# चन्नपट्टना उपचुनाव को लेकर भाजपा-जेडीएस के बीच सियासी गणित तेज

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
दो ताकतवर नेताओं के बीच प्रतिष्ठा की लड़ाई बन रहे रामानगर जिले के चन्नपट्टना उपचुनाव के टिकट को लेकर एनडीए के सहयोगी दलों भाजपा और जेडीएस में राजनीतिक गणित चल रहा है। चन्नपट्टना विधानसभा उपचुनाव को लेकर लड़ाई दिन-ब-दिन और दिलचस्प होती जा रही है। उपचुनाव की लड़ाई पूर्व मंत्री सीपी योगेश्वर के फैसले पर भी टिकी है। सीपी योगेश्वर, जो भाजपा विधान परिषद के सदस्य भी हैं, ने कहा कि वह एनडीए उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगे, और चेतावनी दी कि अगर वह पार्टी का टिकट खो देते हैं तो वह गैर-पार्टी उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगे। बाद में उन्होंने यह कहकर चौंका दिया कि वह पार्टी के फैसले से बंधे हैं। इससे स्वाभाविक रूप से एनडीए गठबंधन असमंजस में पड़ गया है। 2023 के विधानसभा चुनाव में जेडीएस उम्मीदवार एचडी कुमारस्वामी ने चन्नपट्टना में 96,592 वोट हासिल कर जीत हासिल की। भाजपा उम्मीदवार सीपी योगेश्वर को 80,677 वोट मिले और हार गए। कांग्रेस प्रत्याशी गंगाधर एस को सिर्फ 15,374 वोट मिले। चन्नपट्टना उपचुनाव को लेकर उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा है कि इस उपचुनाव में चन्नपट्टना को जीतना है। शिवकुमार रणनीति भी बना रहे हैं। वह लगातार क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। ऐसी अफवाहें हैं कि डीके सुरेश चन्नपट्टना से चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। क्या चन्नपट्टना उपचुनाव में भाजपा-जेडीएस गठबंधन जारी रहेगा? तो कौन है गठबंधन का उम्मीदवार?, कुमारस्वामी के बेटे निखिल कुमारस्वामी नहीं लड़ेंगे चुनाव? बहुत सारे सवाल हैं। इसी बीच सीपी योगेश्वर के कांग्रेस में शामिल होने की खबर भी फैलने लगी। चन्नपट्टना में भाजपा की ओर से मैदान में उतरने की कोशिश कर रहे योगेश्वर के सामने कुमारस्वामी ने अड़ंगा डाल दिया है। इसलिए उन्होंने कहा कि अगर उन्हें टिकट



नहीं मिला तो वे निर्दल चुनाव लड़ेंगे। इन सभी घटनाक्रमों के बीच, डीसीएम शिवकुमार ने घो-षणा की है कि वह चन्नपट्टना में उपचुनाव लड़ेंगे। लेकिन यह कथन वास्तविकता में कितना संभव होगा यह जिज्ञासा का विषय है। पहले से ही कनकपुर विधायक, यदि वह चन्नपट्टना में चुनाव लड़ते हैं और जीतते हैं, तो उन्हें दो निर्वाचन क्षेत्रों में से एक को चुनना होगा। ऐसे में उन्हें अपने ही क्षेत्र से इस्तीफा देना होगा। फिर वहां एक और उप-चुनाव होगा। ऐसे में यह गलत संदेशों को जन्म देता है। राज्य में लोकसभा चुनाव में मतदाताओं ने गठबंधन को समर्थन दिया था। नतीजों से भाजपा आलाकमान को खुश करने वाले एचडी कुमारस्वामी की अब दिल्ली के नेताओं के बीच अच्छी हैसियत है। एचडी कुमारस्वामी के लिए उस निर्वाचन क्षेत्र में एनडीए उम्मीदवार को जीत दिलाना प्रतिष्ठा की बात है, जहां से उन्होंने इस्तीफा दिया था। हालांकि कुछ जेडीएस कार्यकर्ता अपने पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी योगेश्वर को पार्टी के चुनाव चिन्ह के तहत चुनाव लड़ने के लिए सहमत कर रहे हैं, लेकिन कुछ नेता जो योगेश्वर के खिलाफ राजनीति कर रहे हैं और जो उनके साथ राजनीति में शामिल रहे हैं, वे योगेश्वर को टिकट देने के इच्छुक नहीं हैं। इसलिए वे कुमारस्वामी पर दबाव बना रहे हैं। राज्य और केंद्र के भाजपा नेताओं का कोई विरोध नहीं है। हालांकि, मौका चूकने पर योगेश्वर क्या कदम उठा सकते हैं, इसका अंदाजा लगाने वाले कुमारस्वामी ने कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपकर एक स्मार्ट कदम उठाया है। लोकसभा चुनाव में जेडीएस और भाजपा के गठबंधन के चलते एनडीए उम्मीदवार को 50 हजार से ज्यादा की बढ़त मिलनी चाहिए थी, लेकिन उन्हें सिर्फ 23 हजार वोटों की बढ़त मिली, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार को 85 हजार वोट मिले। पिछले 20 साल से जेडीएस के खिलाफ राजनीति कर रहे योगेश्वर ने पहली बार जेडीएस से हाथ मिलाया है। इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि सैन्य गठबंधन की प्रक्रिया शुरू होते ही जेडीएस की कट्टर विरोधी पार्टी के उत्साह के पीछे चन्नपट्टना को सुरक्षित करने की रणनीति है।

### विरोधियों को गुमराह करने की कोशिश

क्या डीके शिवकुमार बार-बार अलग-अलग बयान देकर अपने विरोधियों को गुमराह कर रहे हैं? सवाल ये भी उठता है। लेकिन शिवकुमार के करीबियों से ऐसी अफवाहें सुनने को मिल रही हैं कि असली रणनीति कुछ और है। कुल मिलाकर डीके का यह कदम कौतुहल का कारण बना हुआ है। निर्वाचन क्षेत्र में इस तरह के विवादों को लेकर पहले से ही काफी चर्चा है। इस बीच, चन्नपट्टना के लोगों को समझाने के लिए, डीसीएम डीके शिवकुमार ने निर्वाचन क्षेत्र में घूमकर मतदाताओं से बात करने का एक चरण पूरा कर लिया है। प्रत्येक जिला पंचायत में जनस्पंदन कार्यक्रम आयोजित कर जनमत संग्रह पर बहुत जोर दिया गया है। इस बीच कांग्रेस की ओर से एक अप्रत्याशित उम्मीदवार की चर्चा ने क्षेत्र में खींचतान बढ़ा दी है।

# तुलु लिपि को यूनिकोड में जोड़ा गया

**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
तुलु भाषा को कर्नाटक की आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता नहीं मिलने और संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल न किए जाने के बावजूद, तुलु लिपि ने यूनिकोड में शामिल होकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। गूगल ट्रांसलेट में तुलु भाषा को शामिल किए जाने और तुलु विकिपीडिया के लॉन्च होने के बाद, यह तुलुवासियों के लिए गर्व का क्षण है। तुलु अब यूनिकोड के 16वें संस्करण का हिस्सा है, जिसमें 80 अक्षर शामिल हैं। यूनिकोड पर उपलब्ध तुलु लिपि के साथ, अब प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण, टेक्स्ट-टू-स्पीच, स्पीच-टू-टेक्स्ट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी विभिन्न तकनीकों को लागू किया जा सकता है। चूंकि गूगल पहले से ही अंग्रेजी से तुलु अनुवाद प्रदान करता है, इसलिए आने वाले दिनों में यूनिकोड के माध्यम से और अधिक संभावनाएं



पैदा होने की उम्मीद है। तुलु विकिपीडिया 6 अगस्त, 2016 को शुरू हुआ और 2017 में, तुलु साहित्य अकादमी ने तुलु वर्णमाला को अंतिम रूप देने के लिए एक समिति बनाई, जिसमें आईटी विशेषज्ञ यू बी पवनजा ने तकनीकी सलाह दी। तिगालारी लिपि के लिए एक अलग प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया गया और विचार-विमर्श के बाद तुलु-तिगालारी लिपि को यूनिकोड में जोड़ दिया गया। आईटी विशेषज्ञ यू बी पवनजा ने बताया 2001 में, यूनिकोड कंसोर्टियम में अपनी उपस्थिति के दौरान, मैंने यूनिकोड पर कन्नड़ भाषा को सही करने में मदद की और तुलु को शामिल करने की अपील की। उन्होंने तुलु के लिए जगह आरक्षित की और यूनिकोड तुलु लिपि कैसी दिखनी चाहिए, इस पर एक प्रस्तुतिकरण मांगा। उन्होंने आगे बताया कि तुलु-तिगालारी लिपि के यूनिकोड संस्करण में तुलु साहित्य अकादमी के प्रस्ताव से मामूली अंतर है, लेकिन अधिकांश अक्षर इसमें शामिल हैं। हालांकि, एक महत्वपूर्ण स्वर और तुलु अंक गायब हैं। तुलु में संस्कृत लिखने के लिए आवश्यक कुछ अतिरिक्त प्रतीकों को भी शामिल किया गया है, हालांकि वे तुलु भाषा के लिए आवश्यक नहीं हैं। पवनजा ने कहा एक कीबोर्ड सॉफ्टवेयर, तुलु के लिए यूनिकोड प्रतीकों वाला एक ओपन-टाइप फॉन्ट और मौजूदा कन्नड़ डेटा को तुलु यूनिकोड में बदलने के लिए एक उपकरण की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने तुलु साहित्य अकादमी या मेंगलूरु विश्वविद्यालय में तुलु अध्ययन विभाग से इन विकासों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।

# मंत्री वी. सोमन्ना ने रेल व्हील फैक्ट्री का किया निरीक्षण

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने सोमवार को रेल व्हील फैक्ट्री, येलहंका का निरीक्षण किया तथा प्लांट के कामकाज और इसकी आगामी परियोजनाओं की समीक्षा की। रेल व्हील फैक्ट्री, येलहंका, भारतीय रेलवे का एक अनूठा एकीकृत प्लांट है, जो एक ही छत के नीचे कास्ट व्हील, फोर्ज्ड एक्सल और व्हीलसेट का निर्माण करता है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में प्लांट ने 1,96,265 व्हील्स, 83,054 एक्सल्स और 94,275 व्हील-सेट्स का रिकॉर्ड उच्चतम उत्पादन हासिल किया। प्लांट में 1800 से भी कम कर्मचारी हैं और इसके निरंतर प्रदर्शन को उच्चतम स्तर पर मान्यता मिली जब इसे वित्त वर्ष 2022-23 के लिए रेल मंत्री द्वारा संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ उत्प-ादन इकाई शील्ड से सम्मानित किया गया। आरडब्ल्यूएफ एक



पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार संयंत्र है, जिसके पास कई महत्वपूर्ण पहल हैं जैसे कि माध्यमिक धुंआ निष्कर्षण प्रणाली और उच्च वायु गुणवत्ता सूचकांक सुनिश्चित करने के लिए वनरोपण, प्रयुक्त रेत को पुनः प्राप्त करने के लिए थर्मल रेत पुनर्ग्रहण संयंत्र का उपयोग, जिससे रेत खनन की आवश्यकता कम हो जाती है। जल के स्व-उत्पादन के लिए कुओं का पुनरुद्धार, जिससे प्रतिदिन लगभग 1.92 लाख लीटर जल प्राप्त होता है, जिससे बी.डब्ल्यू.एस.एस.बी. पर निर्भरता न्यूनतम हो गई है। इन प्रयासों के लिए आरडब्ल्यूएफ को 2021 में पर्यावरण संरक्षण के लिए गोल्डन पीकॉक अवार्ड और 2020 में बीडब्ल्यूएसएसबी द्वारा जलारुषि पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

आरडब्ल्यूएफ को आईआरआईएस- इंटरनेशनल रेलवे इंडस्ट्रीज स्टैंडर्ड के लिए प्रमाणित किया गया है, जो उच्च आंतरिक गुणवत्ता मानकों का प्रमाण है और आरडब्ल्यूएफ को विदेशी बाजारों का पता लगाने में सक्षम बनाता है। इसके अतिरिक्त, वंदे मेट्रो के लिए 30 प्रोटोटाइप एक्सल भी विकसित किए गए हैं, जिन्हें आरडब्ल्यूएफ द्वारा आईसीएफ, चेन्नई को आपूर्ति किया गया है। इन-हाउस डिजाइन किए गए स्क्रैप व्हील कटिंग मशीनें इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस में डालने के लिए स्वचालित स्क्रैप कटिंग को सक्षम बनाती हैं। रेल व्हील फैक्ट्री एक अग्रणी प्लांट है जो आत्मनिर्भरता में अग्रणी बना हुआ है और आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के विजन को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा है।

### सिद्धरामैया मुडा मामले में दबाव में

# कांग्रेस नेताओं द्वारा सीएम पद के लिए पैरवी तेज

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** मुख्यमंत्री सिद्धरामैया दबाव में हैं क्योंकि राज्यपाल थावर चंद गहलोत द्वारा मुडा मामले में अभियोजन को मंजूरी देने के फैसले को चुनौती देने वाली उनकी रिट याचिका के संबंध में अदालती कार्यवाही जल्द ही समाप्त होने वाली है।



सूत्रों ने कहा कि सीएम सिद्धरामैया चिंतित हैं क्योंकि मीडिया के सामने उनके समर्थन में बयान जारी करने वाले वरिष्ठ नेता भी शीर्ष पद के लिए जोरदार पैरवी में लगे हुए हैं और वह इस खेल से वाकिफ हैं। सीएम ने सोमवार को पूरे दिन के अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए और अदालती कार्यवाही पर बारीकी से नजर रखा। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की अमेरिका की निजी यात्रा का समय भी मौजूदा परिस्थितियों में चर्चा का विषय बन गया है। कांग्रेस सूत्रों ने कहा है कि अगर फैसला सीएम सिद्धरामैया के खिलाफ जाता है, तो भाजपा उनके इस्तीफे की मांग करते हुए कर्नाटक में अपना आंदोलन तेज कर सकती है। हालांकि पार्टी ने घोषणा की है कि वह परिणाम चाहे जो भी हो, सीएम सिद्धरामैया का समर्थन करेगी, लेकिन हाईकमान ने राज्य में शीर्ष पद के लिए संभावित उम्मीदवारों पर विचार करना शुरू कर दिया है।

सूत्रों ने बताया कि इन घटनाक्रमों को भांपते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने नई दिल्ली में पद के लिए जोरदार पैरवी शुरू कर दी है। पूर्व भाजपा सांसद एस मुनीसामी ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि सीएम सिद्धरामैया मुडा मामले में कानूनी लड़ाई में फंसें और मुख्यमंत्री बनने की उम्मीद करें। पूर्व भाजपा नेता केएस ईश्वरप्पा ने विजयपुरा में आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी के भीतर सीएम पद के लिए प्रतिस्पर्धा शुरू हो गई है। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने भी दावा किया कि अगले सीएम बनने की दौड़ में कई नेता शामिल हैं। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों के अनुसार, करीब 12 वरिष्ठ कांग्रेस नेता इस पद के लिए पैरवी कर रहे हैं और अपनी वरिष्ठता पर जोर देकर हाईकमान से संपर्क कर रहे हैं। गृह मंत्री जी परमेश्वर, जो कि एक प्रमुख दलित नेता हैं और जिनका काफी प्रभाव है, पार्टी नेताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के साथ उनकी हाल ही में हुई आमने-सामने की बैठक ने राज्य में बहस छेड़ दी है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री सतीश जारकीहोली, जो कि शोषित वर्ग के एक बड़े नेता हैं और सीएम सिद्धरामैया के करीबी हैं, भी इस दौड़ में शामिल माने जा रहे हैं। उनके समर्थकों ने सतीश जारकीहोली को अपना अगला नेता घोषित करते हुए पहले ही प्रचार शुरू कर दिया है। हालांकि, परमेश्वर और जारकीहोली दोनों ने स्पष्ट किया है कि उनकी नजर सीएम पद पर नहीं है और वे सिद्धरामैया का पूरा समर्थन करते हैं। इस बीच, सीएम सिद्धरामैया के एक और करीबी विश्वासपात्र, बड़े और मध्यम उद्योग मंत्री एमबी पाटिल वरिष्ठ नेताओं से मिलने के लिए नई दिल्ली की यात्रा की योजना बना रहे हैं।

# ओबामा और कमला हैरिस से मिलने जाने की खबर गलत: शिवकुमार



## अमेरिका की यात्रा है निजी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अमेरिका की यात्रा पर हैं। तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत राहुल टेक्सास के डलास पहुंच चुके हैं।

राहुल के पीछे-पीछे कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार अमेरिका पहुंचे हैं। उनकी इस यात्रा पर सियासत भी शुरू हो गई है। आरोप लग रहे हैं कि डीके शिवकुमार अमेरिका में कुछ शीर्ष नेताओं से मुलाकात करने के लिए वहां गए हैं। हालांकि डीके शिवकुमार ने इन खबरों को खारिज किया है। शिवकुमार ने साफ किया है कि वे परिवार के साथ निजी यात्रा पर अमेरिका गए हैं। शिवकुमार ने अपनी यात्रा को लेकर एक पत्र भी जारी किया है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अमेरिका की अपनी यात्रा के संबंध में बताया है। उन्होंने अपने पत्र में बताया मैं अपने परिवार के साथ सोमवार से 15 सितंबर तक अमेरिका की यात्रा पर जा रहा हूं। मीडिया की खबरें गलत हैं कि मैं अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और मौजूदा उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से मिलने जा रहा हूं। यह एक निजी यात्रा है। इससे पहले, शिवकुमार ने बेंगलूरु में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि वह निजी यात्रा पर एक सप्ताह के लिए विदेश में रहेंगे। जब उनसे अमेरिका की यात्रा के एजेंडे और क्या वह वहां किसी बड़ी हस्ती से मिलेंगे, इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह एक निजी पारिवारिक यात्रा है। मैं निजी तौर पर जा रहा हूं। गौरतलब है कि अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। इन चुनावों में कमला हैरिस डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार हैं। वहीं, रिपब्लिकन पार्टी से डोनाल्ड ट्रंप चुनावी मैदान में हैं।

# अभिनेता दर्शन को दिए गए विशेष आतिथ्य मामले में कैदी से पूछताछ

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** परप्पाना अग्रहारा सेंट्रल जेल में अभिनेता दर्शन और उनके साथियों को दिए गए विशेष आतिथ्य की जांच करने वाली दक्षिण पूर्व डिवीजन पुलिस ने कुछ कैदियों और विचाराधीन कैदियों से पूछताछ की है। जेल में शाही आतिथ्य की तस्वीरें वायरल होने पर परप्पाना के अग्रहारा पुलिस स्टेशन में तीन एफआईआर दर्ज की गई हैं। इस पृष्ठभूमि में यह पता चला है कि जांचकर्ताओं ने सोमवार को जेल का दौरा किया और उनसे बयान प्राप्त किए। अग्रहारा में दर्शन से कौन और कब मुलाकात होगी? उसके लिए क्या लाया गया? जेल परिसर में टेबल और कुर्सियों की व्यवस्था किसने की? वे जांच के दायरे में आने वाले कैदी से यह भी जानकारी ले रहे हैं कि सत्कार कितने दिनों से चला या केवल उसी दिन दिया गया। यह स्पष्ट रूप से ज्ञात है कि आतिथ्य कर्मचारियों द्वारा दिया गया था, और क्या यह जेल अधिकारियों के निर्देश पर दिया गया था या क्या यह स्वयं कर्मचारियों द्वारा दिया गया था, जांचकर्ता कई आयामों में जानकारी एकत्र कर रहे हैं। जेल बैरक के सामने दर्शन और उसके साथियों की बातचीत की फोटो सामने आते ही जेल के 9 अधिकारियों और कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया गया था और बताया जा रहा है कि उनसे अलग से पूछताछ भी की जाएगी।



# सिद्धरामैया की सरकार को अस्थिर नहीं किया जा सकता: मंत्री

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** लघु सिंचाई मंत्री एन.एस.बोसराजु ने कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धरामैया को कांग्रेस पार्टी का समर्थन प्राप्त है और सरकार को अस्थिर करने की भाजपा की कोशिश काम नहीं करेगी। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सिद्धरामैया की कुर्सी हिलाने के लिए भाजपा-जेडीएस के नेता तरह-तरह की कवायद कर रहे हैं। इनमें से कोई भी सफल नहीं होगा। उन्होंने इस बात पर नाराजगी जताई कि वे अस्तित्वहीन मुद्दों को सामने रखकर आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद को लेकर मंत्री कई तरह के बयान दे रहे हैं, इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि किसी ने भी खुले तौर पर नहीं कहा है कि वे मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं, न ही उन्होंने कोई आकांक्षा बताई है। सभी मंत्री एक-दूसरे के संपर्क में हैं, सभी की राय एक जैसी है। सिद्धरामैया के नेतृत्व में एक अच्छी सरकार चल रही है। सभी उनके पीछे थे। मीडिया के सवाल पर हर कोई अलग-अलग बयान दे रहा है। लेकिन फिलहाल मुख्यमंत्री बदलने का सवाल ही नहीं उठता। ये सब भाजपा रच रही है।



प्रह्लाद जोशी और जगदीश शेट्टर आए दिन बयान देकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। कुल मिलाकर 135 विधायक हैं। उन्होंने कहा कि हाईकमान ने भी मुख्यमंत्री को समर्थन दिया है। मंत्री के दिल्ली दौरे को लेकर गलतफहमी है। सतीश जारकीहोली ने दिल्ली जाकर केंद्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गटकरी से मुलाकात की है। एमबी पाटिल अगले दौरे पर दिल्ली जायेंगे। अगले सप्ताह मैं दिल्ली जाऊंगा और जलविद्युत मंत्रालय के संबंध में मंत्री सोमन्ना से मुलाकात करूंगा।

जब कोई मंत्री दिल्ली जाता है तो पार्टी दफ्तर जाना और आलाकमान नेताओं से मिलना आम बात है। उन्होंने कहा कि किसी को यह नहीं सोचना चाहिए कि कांग्रेस में भ्रम की स्थिति है। सिद्धरामैया के मामले में हाई कोर्ट का फैसला जो भी हो, न्यायपालिका में काफी गुंजाइश है। उन्होंने कहा इस तरह सिद्धरामैया की कुर्सी नहीं हिल सकती, इससे पहले भाजपा सरकार के दौरान मंत्रियों के बीच कई मतभेद थे।

वरिष्ठ कैबिनेट सिद्धरामैया के पीछे है। मेरे सहित कांग्रेस में कोई भी मुख्यमंत्री पद का आकांक्षी नहीं है। क्योंकि कुर्सी खाली नहीं है। मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने शैंक की स्थापना का कार्य पूरा कर एत्तिनाहोल परियोजना का उद्घाटन किया। इस परियोजना से 75 लाख लोगों को पानी मिलेगा। 15 टीएमसी का उपयोग पीने के पानी के लिए किया जाता है, 9 टीएमसी का उपयोग झीलों को भरने के लिए किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत भाजपा में हर कोई विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के संगठन को लेकर चिंतित है। उन्होंने आक्रोश जताते हुए कहा कि इसके लिए सीबीआई और ईडी समेत तमाम संस्थाओं का दुरुपयोग हो रहा है।

# राज्य में मुख्यमंत्री परिवर्तन की गारंटी : आर अशोक



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने विस्फोटक बयान देते हुए कहा कि यह 100 फीसदी तय है कि राज्य में मुख्यमंत्री पद में बदलाव होगा। इसीलिए कई मंत्रियों ने अंदर कुर्सियों पर तौलिया रख लिया है। यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा हम यह नहीं कह रहे हैं कि राज्य में मुख्यमंत्री बदला जाएगा।

कांग्रेस पार्टी खुद कहती है। इसलिए राज्य में मुख्यमंत्री का बदलाव तय है। हम मुख्यमंत्री की कुर्सी पर तौलिये डालते नेताओं की कतार देख रहे हैं। एमबी पाटिल, जारकीहोली, मल्लिकार्जुन खड़गे, डीके शिवकुमार कतार में हैं। एमबी पाटिल का कहना है कि मैं वरिष्ठ हूं। इसके अलावा लिंगायत एक प्रभावशाली नेता होने का दावा करते हैं। आरवी देशपांडे ने जारकीहोली की तरह सीधे तौर पर अभियान शुरू कर दिया है। कितने विधायक मेरे साथ हैं? उस पर अमल कर रहे हैं। दिल्ली स्तर पर भी प्रयास जारी हैं। डॉ. जी परमेश्वर भी हाईकमान नेता के उम्मीदवार हैं। शिवकुमार भी वो सभी उपाय कर रहे हैं जो उपलब्ध हैं। इस संबंध में राज्य में बदलाव संभव है। प्रदेश में मुख्यमंत्री कब बदलेंगे? रिपोर्टर के सवाल का जवाब देते हुए अशोक ने कहा हम कोई तारीख तय नहीं करते। कांग्रेस में ही मुख्यमंत्री बदलने की तारीख तय हो चुकी है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि उनकी पार्टी में इस बात की खूब चर्चा हो रही है। मुख्यमंत्री कौन और कब होना चाहिए? इसकी व्यापक चर्चा हो रही है। अगर हम तारीख बताएंगे तो वे इस पर सवाल उठाएंगे। इसलिए हम तारीख नहीं बताएंगे। अशोक ने चुटकी लेते हुए कहा कि उनके पास अभी एक तारीख है।

डीके शिवकुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री से मुलाकात करना किसी के लिए भी आसान नहीं है। डीके शिवकुमार ऐसी स्थिति में कैसे पहुंचे? उन्होंने कहा सवाल स्वाभाविक रूप से उठता है।

# सड़क हादसे में महिला घायल



**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** रामनगर के किन्निगोली में सड़क पार करते समय तेज गति से आ रहे ऑटो-रिक्शा की चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

राजरत्नपुरा निवासी घायल महिला चेतना (35) दुर्घटना के समय पिग्मी डिपॉजिट जमा कर रही थी। वह अपनी बेटी वैभवी, जो सातवीं कक्षा की छात्रा है, को ट्यूशन सेंटर से लेने जा रही थी। चेतना के सड़क पार करते ही, कटील से किन्निगोली की ओर तेज गति से जा रहे एक ऑटो-रिक्शा ने उसे टक्कर मार दी और पलट गया।

दुर्घटना वैभवी के सामने हुई। चेतना ऑटो-रिक्शा के नीचे फंस गई, लेकिन वैभवी और स्थानीय युवकों ने तुरंत वाहन को उठाया, उसे बचाया और सूरतकल के एक निजी अस्पताल में ले गए। चेतना को गंभीर चोटें आईं, जबकि ऑटो-रिक्शा चालक, यात्री और अन्य लोगों को मामूली चोटें आईं। घटना पास के सीसीटीवी में कैद हो गई।

# ऑटो कंपोनेंट सेक्टर में आत्मनिर्भरता की वृद्धि सराहनीय: कुमारस्वामी



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच.डी.कुमारस्वामी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के माध्यम से ऑटो कंपोनेंट क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना सराहनीय है।


विकासशील भारत गतिशीलता क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने वाले 64वें वार्षिक सत्र में बोलते हुए, जो अब भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 2.7 प्रतिशत है और 5 मिलियन नौकरियां प्रदान करता है, उन्होंने इस बात की सराहना की कि इस क्षेत्र ने इस वर्ष 300 मिलियन डॉलर का व्यावसायिक लाभ हासिल किया है। ऑटो सेक्टर के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना की सफलता पर 74,850 करोड़ का निवेश आकर्षित कर 30,000 से ज्यादा नौकरियां पैदा की गई हैं। उन्होंने उन्नत बैटरी कोशिकाओं के लिए एक प्रौद्योगिकी पदानुक्रम मॉडल के रूप में बीएलआई परियोजना को विस्तार से बताया, और सराहना की कि फेम-2 परियोजना और हाल ही में लॉन्च की गई इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रमोशन स्कीम (ईओ) इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने को बढ़ावा देते हुए भारत के आत्मनिर्भरता को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। फेम-3 योजना की रूपरेखा पर चर्चा चल रही है जिसे जल्द ही पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फेम-2 में पहचाने गए किसी भी मुद्दे के समाधान के लिए इएमपीएस परियोजना को दो महीने तक बढ़ाया जाएगा।

### बिहार में भाजपा नेता की दिखी दबंगई

# वॉल पेंटिंग करने वाले कर्मी को जमकर पीटा, सोशल मीडिया पर वायरल

**सारण (एजेंसियां)।**
सारण में एक भाजपा नेता की दबंगई सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। भाजपा नेता पर आरोप है कि उन्होंने दीवार पर पेंटिंग करने वाले कलाकार की जमकर पिटाई की है। पिटाई इस कदर हुई है कि कलाकार का हाथ और सिर फट गया है। फिलहाल उनका इलाज पटना में चल रहा है। पेंटिंग करने वाले कलाकार का कहना है कि वे लोग पटना फाइन आर्ट के छात्र हैं।

पीड़ित फाइन आर्ट के कारीगर ने भगवान बाजार थाने को आवेदन देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है, जबकि भाजपा नेता इस मामले में कुछ भी कहने से बच रहे हैं। हालांकि वायरल वीडियो में सब कुछ स्पष्ट दिख रहा है कि छपरा के हृदय स्थली माने जाने वाले राजेंद्र स्टेडियम जाने वाली सड़क के मुख्य द्वार पर वॉल पेंटिंग करने वाले कलाकार को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की स्वयंसेवी संगठन के वरीय सदस्य, नगर निगम के मेयर पद के पूर्व प्रत्याशी सह भाजपा के नगर अध्यक्ष राजेश फैशन के द्वारा नोंकझोंक किया जा रहा है।






घटना के संबंध में बताया जाता है कि अनाधिकृत रूप से रोटरी के द्वारा बनाए गए यात्रीशेड के निकट वॉल पेंटिंग का काम चल रहा था, जहां भाजपा नेता ने अपने पसंद की तस्वीर बनाने का आग्रह किया था। लेकिन जब कलाकार ने यह कहा कि नगर निगम के मेयर या जिलाधिकारी से स्वीकृति दिला दीजिए। उसके बाद आप जैसा कहियेगा वैसी तस्वीर बना दी जायेगी। क्योंकि बगैर अनुमति या आदेश के हम लोग कोई तस्वीर नही बनाते हैं। बस इतना सा कहना था कि भाजपा नेता भड़क गए और सरेआम रोड पर उक्त कलाकार की पिटाई शुरू कर दी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

इस मामले में सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने बयान जारी कर बताया गया है कि स्थानीय भगवान बाजार थाना को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे विडियो प्राप्त हुआ है। इसमें एक युवक नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे वॉल पेंटिंग को कर रहे कर्मियों से झगड़ा करते हुए दिख रहा है। उक्त विडियों के सत्यापन के लिए भगवान बाजार थाने की पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल पर जा कर पुछताछ की गई । जिससे यह बात प्रकाश में आई कि राजेश फैशन के द्वारा पेंटिंग कर रहे कर्मियों से मनचाही पेंटिंग नही करने को लेकर विवाद हुआ था। जिसमें एक कर्मी घायल हो गया है। हालांकि वर्तमान में घायल कर्मी पटना में ईलाजरत हैं। जिनके फर्द बयान लेने के लिए एक पुलिस पदाधिकारी को पटना भेजा गया है। फर्द बयान प्राप्त करने के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पटना में भाजपा नेता की हत्या

# लूटपाट का विरोध करने पर अपराधियों ने मार दी गोली

**पटना (एजेंसियां)।**
पटना सिटी में भाजपा चौक मंडल के अध्यक्ष मुन्ना शर्मा की अपराधियों ने लूटपाट के दौरान गोली मार कर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मुन्ना शर्मा के शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दी है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मुन्ना शर्मा के बेटे का रविवार को छेका कार्यक्रम था। सोमवार की अहले सुबह अपने परिवार को छोड़ने मंगल तालाब के नजदीक पहुंचे थे। इसी क्रम में अपराधियों द्वारा सोने के चेन छिनने के क्रम में उन्हें गोली मार दी गई। मौके पर ही मुन्ना शर्मा की मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है।




घटना की जानकारी देते हुए आसपास के लोगों ने बताया कि रविवार को मुन्ना शर्मा जी के घर पर उनके बेटा का छेका कार्यक्रम हुआ था। सोमवार की सुबह वह अपने परिवार के लोगों को ऑटो पर छोड़ने मंगल तालाब के नजदीक रामदेव महतो सामुदायिक भवन के पास पहुंचे थे। ऑटो से छोड़ने के बाद वह मंदिर के नजदीक वह बैठ गए। इसी क्रम में मोटरसाइकिल से तीन अपराधी उनके पास पहुंचे और लूटपाट की कोशिश करने लगे। विरोध करने पर अपराधियों ने गोली मार दी। वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े। इस दौरान एक अपराधी उनके गले का सोने का चेन छीन लिया और फिर तीनों अपराधी आराम से मोटरसाइकिल से फरार हो गए।

इधर, मॉर्निंग वॉक करने निकले कुछ लोगों के द्वारा जब यह देखा गया तो मुन्ना शर्मा को पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना चौक थाने को दी। सूचना पाकर चौक थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। घटना की पुष्टि करते हुए चौक थाना प्रभारी शशि कुमार राणा ने बताया कि सोमवार की सुबह मुन्ना शर्मा की हत्या का मामला सामने आ रहा है। घटना के बाद पुलिस मौके पर एफएसएल टीम और डॉग स्क्वायड के माध्यम से छानबीन शुरू कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरा को भी खंगाल रही है। इसके अलावा आसपास के लोगों से भी इस मामले में बातचीत की जा रही है।

### पटना में 'मिशन टोटल सेग्रीगेशन' की शुरुआत

# स्वच्छता के लिए 'मेरा शहर मेरी जवाबदेही' अभियान का एलान

**पटना (एजेंसियां)।**
बिहार के नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन ने पटना के आवास बोर्ड में 'मिशन टोटल सेग्रीगेशन' का उद्घाटन किया। इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में बेहतर प्रदर्शन और शहर को कचरा मुक्त बनाना है। मंत्री ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि इस मुहिम के तहत पटना नगर निगम शहरवासियों से सूखा और गीला कचरा अलग-अलग देने की अपील करेगा ताकि कचरे का उचित संग्रहण और निष्पादन किया जा सके।

मंत्री ने बताया कि 'मेरा शहर मेरी जवाबदेही' के तहत इस अभियान में विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, स्कूलों और सामाजिक संगठनों को शामिल किया जाएगा। इस ड्राइव में प्रभावी लोगों को सफाई एंबेसडर बनाया जाएगा। पटना नगर निगम के सफाई इंस्पेक्टर, ड्राइवर, हेल्पर और मोबिलाइजर को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।




यह पहली बार है कि पटना नगर निगम की गाड़ियों में ड्राइवर और हेल्पर के साथ एक अतिरिक्त मोबिलाइजर भी शामिल होगा। अभियान की औपचारिक शुरुआत 19 सितंबर को राज्यपाल की उपस्थिति में की जाएगी। मंत्री ने बताया कि दो हजार नगर निगम कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भी शामिल होंगी। ये महिलाएं डोर-टू-डोर कचरा गाड़ी के साथ घर-घर जाएंगी। इसके साथ ही, वाहन साथी सह कूड़ा पृथक्करण पंजी भी जारी की जाएगी, जिससे गाड़ियों के रूट चार्ट, ठहराव स्थल, पहुंचने का समय और कचरा फेंकने वाले संस्थानों की पहचान की जा सकेगी।

### पितृपक्ष मेला की सारी तैयारी पूरी

# सभी वेदियों पर समुचित व्यवस्था बनाया गया पार्किंग स्थल

**पटना (एजेंसियां)।**
17 सितंबर से शुरू होने वाली विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन अंतिम रूप देने में जुटे हैं। सड़क मार्ग से गयाधाम आने वाले तीर्थयात्रियों के सुविधा के लिए बड़ा व छोटे वाहन पार्किंग, आवासन स्थल साथ ही सभी वेदी स्थलों पर सारी व्यवस्था पूरी कर ली गई है। इस संबंध में गया के डीएम डा. त्याग राजन एसएम ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला 2024 के अवसर पर विभिन्न वेदी घाट स्थल, यात्री व पुलिस आवासन एवं पार्किंग क्षेत्र पर स्थाई शौचालय एवं स्नानाघर की मरम्मती, अस्थाई शौचालय व स्नानाघर, प्री-फेब्रीकेट शौचालय व स्नानाघर का अधिष्ठापन एवं पेयजल हेतु प्याऊ की मरम्मती, मोटर, टंकी एवं नल कनेक्शन का कार्य पूरा कर लिया गया है।



डीएम ने बताया कि वेदी घाट स्थल जैसे देवघाट वेदी स्थल पर पूर्व में अधिष्ठापित महिला झरना बाथरूम यूनिट (10 झरना) एवं पुरुष झरना बाथरूम यूनिट (10 झरना) की मरम्मती, प्री फेब्रीकेट क्लॉथ चैन्जिंग रूम 10 यूनिट अधिष्ठापित करना, वेदी घाट स्थल के नियंत्रण कक्ष पर 2 यूनिट ठंडा वाटर कूलर एवं फ़िल्टर की व्यवस्थता, प्रांगण पर सभी 7 चापाकल की मरम्मती, कार्य करना शामिल था, जो 09 सितंबर को अंतिम रूप दे दिया गया है। वहीं शमशान घाट पर प्री-फेब्रीकेट स्नानाघर पुरुष 5 यूनिट व महिला 5 यूनिट अधिष्ठापित करना, बोरिंग में मोटर, 2 टंकी एवं 5 नल कनेक्शन, प्री-फेब्रीकेट क्लॉथ चैन्जिंग रूम 5 यूनिट अधिष्ठापित करना, 3 चापकाल की मरम्मती कार्य करना शामिल है। इसी प्रकार प्रेतशिला वेदी घाट स्थल मैदान पर स्थाई शौचालय पुरुष 4 यूनिट व महिला -5 यूनिट 3 यूनिट स्नानाघर मरम्मती कार्य करना, एक प्याऊ 9 नल कनेक्शन मरम्मती कार्य करना शामिल। इसके साथ ही प्रेतशिला वेदी, वेतरणी सरोवर, धर्मारण्य वेदी, सरस्वाति वेदी, मतांगवापी वेदी, ब्राहमवेदी व कागवाली वेदी, रामशीला वेदी, सूर्यकुण्ड तालाब और सिताकुंड वेदी समेत मेला क्षेत्रों में तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली है।

उन्होंने बताया कि सड़क मार्ग से वाहन से गया धाम आने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए पार्किंग स्थल का चयन कर लिया गया है। मेला के दौरान बड़े वाहन गया कालेज खेल परिसर, केंदुई, प्रेतशिला वेदी के समीप किसान कॉलेज परिसर, मानपुर भुसुंडा बस स्टैंड चयनित किया गया है। वहीं छोटे वाहन शहर के बीचोंबीच समीरतक्या संक्रमण अस्पताल परिसर में बनाया गया है। जहां अस्थाई शौचालय, पेयजल और रौशनी की व्यवस्था की गई है। साथ ही 33 यात्रीस्थल और 27 पुलिस शिविर स्थल पर आवश्यकता अनुसार स्थाई शौचालय व स्नाना घर की व्यवस्था की गई है।

### समस्तीपुर में विधानसभा चुनाव की तैयारी

# मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 3,220 करने का प्रस्ताव

**दरभंगा (एजेंसियां)।**
समस्तीपुर जिले में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। चुनाव आयोग की नई गाइडलाइन के अनुसार, जिले में 163 नए मतदान केंद्र स्थापित करने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। अगर यह प्रस्ताव मंजूर हो जाता है, तो जिले में मतदान केंद्रों की कुल संख्या 3,056 से बढ़कर 3,220 हो जाएगी।

चुनाव आयोग की नई गाइडलाइन के तहत, 1400 मतदाताओं पर एक मतदान केंद्र की व्यवस्था की गई है। इसी मानक को ध्यान में रखते हुए, समस्तीपुर जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में नए मतदान केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव दिया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि भौतिक सत्यापन के आधार पर, जैसे कि 1400 से अधिक मतदाता, दो किलोमीटर से अधिक दूरी, और प्राकृतिक बाधाएं देखते हुए नए मतदान केंद्रों की आवश्यकता महसूस की गई है।



#### विधानसभा क्षेत्रों में केंद्रों की स्थिति

- कल्याणपुर: 29 नए मतदान केंद्र प्रस्तावित हैं, जिससे यहां की कुल संख्या 370 हो जाएगी।
- वारिसनगर: 22 नए मतदान केंद्रों का प्रस्ताव है, जिससे कुल संख्या 351 हो जाएगी।
- समस्तीपुर: 14 नए केंद्र बनाए जाएंगे, जिससे संख्या 305 हो जाएगी।
- उजियारपुर: 12 नए केंद्रों का प्रस्ताव है, कुल संख्या 325 हो जाएगी।
- मोरवा: 28 नए केंद्र प्रस्तावित हैं, कुल संख्या 310 हो जाएगी।
- सरायरंजन: 13 नए केंद्रों का प्रस्ताव है।
- मोहिउद्दीन नगर: 10 नए केंद्रों का प्रस्ताव है।
- विभूतिपुर: 13 नए केंद्रों का प्रस्ताव है, कुल संख्या 299 हो जाएगी।
- रोसड़ा: 10 नए केंद्र बनाए जाएंगे, कुल संख्या 359 हो जाएगी।
- हसनपुर: 12 नए केंद्रों का प्रस्ताव है, कुल संख्या 322 हो जाएगी।

प्रस्तावित नए मतदान केंद्रों में से 20 केंद्र वर्तमान में जर्जर भवनों में चल रहे हैं और इन्हें नए स्थानों पर स्थानांतरित किया जाएगा। इसके अलावा, आठ केंद्र दो किलोमीटर से अधिक दूरी वाले क्षेत्रों में बनाए जाएंगे, जबकि दो केंद्रों की स्थापना पहुंच पथ की कमी के कारण की जाएगी।

इस विस्तृत योजना से चुनावी प्रक्रिया को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। नए मतदान केंद्रों के स्वीकृत होने के बाद, मतदाताओं को बेहतर सुविधा और सुविधा प्राप्त होगी। इससे चुनाव की प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित और सरल बनाया जा सकेगा।

# जहरीली शराब से चार की मौत, दो की हालत गंभीर

**पटना (एजेंसियां)।**
बिहार में जहरीली शराब पीने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य की हालत गंभीर है। वैशाली और कटिहार जिले में शनिवार को दो अलग-अलग घटनाओं में ये मौतें हुईं। बिहार में शराब की बिक्री और पीने पर प्रतिबंध है। पुलिस के मुताबिक, वैशाली के खोरमपुर गांव में एक पार्टी के दौरान शराब पीने से दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान खड़गपुर गांव निवासी मोहन महतो (42) और पकौली गांव के नितेश कुमार (31) के रूप में हुई। नितेश के बड़े भाई बिक्रम की हालत गंभीर है। उसे यहां सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मोहन के परिजनों ने आरोप लगाया है कि सैलरी के बदले उसे शराब पिलाई गई, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना कटिहार के दिलवारपुर गांव की है, जहां तीन दोस्तों ने बंद कमरे में मटन और शराब पार्टी की। इस दौरान दो युवकों की मौत हो गई, जिनकी पहचान शेख सद्दाम (35) और अमित कुमार साह (24) के रूप में हुई है। गंभीर हालत में शेख बदरुद्दीन को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। हालांकि, इन मौतों के पीछे जहरीली शराब के सेवन की आशंका जताई जा रही है। बिहार में शराबबंदी के बावजूद शराब की अवैध बिक्री और सेवन की घटनाएं सामने आती रही हैं।

# बेगूसराय में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत



#### अस्थि विसर्जन करने जा रहे थे

**मुंगेर (एजेंसियां)।**
बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल थानाक्षेत्र में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। घटना हीरा टोल जीरो माइल श्री कृष्णा सेतु के पास हुई, जब एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने दो मोटरसाइकिलों को कुचल दिया। दोनों युवक मुंगेर घाट पर किसी परिजन का अस्थि विसर्जन करने के लिए जा रहे थे।

मृतकों की पहचान मधेपुरा के गम्हरिया थानाक्षेत्र के चिकनी खार निवासी लक्ष्मण शर्मा के बेटे पन्नालाल शर्मा और भागवत शर्मा के बेटे राहुल शर्मा के रूप में की गई है। दोनों युवक की उम्र 30 वर्ष बताई जा रही है। हादसे के समय वे एक ही मोटरसाइकिल पर सवार थे।

जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मुंगेर पुल पर मोटरसाइकिल को जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मोटरसाइकिल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और घटनास्थल पर खून से सने शव पड़े थे। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना तुरंत साहेबपुर कमाल थाना पुलिस को दी।

पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया। साहेबपुर कमाल थाना अध्यक्ष और प्रशिक्षु डीएसपी हिमांशु ने घटना की पुष्टि की और बताया कि मोटरसाइकिल नंबर के आधार पर मृतकों की पहचान की गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। इस हादसे के लिए जिम्मेदार वाहन के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है।

वहीं, इस हादसे ने मृतकों के परिवारों में शोक की लहर फैला दी है। परिजन घटना के बाद पूरी तरह से हताश और असहाय नजर आ रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्टीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com